हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 9 जून 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

सुशासन तिहार में पहुंचे 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण, मिले एक हजार से अधिक आवेदन
4



(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
प्रतिमाह मात्र 999/-में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340

39 हजार टन के लक्ष्य में ले-देकर 18 हजार 106 टन ही पहुंचा सोसायटियों में

# जिले की समितियों में आधे से अधिक खाद का भंडारण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खरीफ फसल की तैयारी में जुटे कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले के किसानों को खाद के लिए इस बार भारी मशक्कत करनी पड़ सकती है। दरअसल जिले में इस साल 39 हजार 200 सौ टन खाद किसानो को वितरण करने का लक्ष्य मिला है, जिसके विरुद्ध सेवा सहकारी समितियो में 18 हजार 106 टन खाद का ही भंडारण हो सका है। यानि अभी 21 हजार 94 टन खाद भडारण समितियो में किया जाना बाकी है। इधर शुरुआती दिनों से ही किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। खास करके खुले बाजार में यूरिया और डीएपी की कालाबाजारी शुरु हो गई है।

गौरतलब है कि कृषि प्रधान जांजगीर चाम्पा जिले के किसान जून का महीना प्रारंभ होते ही खेती किसानी के काम में लग गए है। खेतो से खरपतवारों की सफाई से लेकर जुताई एवं खाद की खरीदी का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके साथ ही खाद की किल्लत भी अभी से होने लगी है। विभागीय जानकारी के मुताबिक सोसायटियों में खाद का भंडारण आधे से भी कम है। बताया जाता है कि जिले में इस साल 39 हजार 200 सौ टन खाद भंडारण का लक्ष्य रखा गया है। अभी समितियों में 18 हजार 106 टन खाद भंडारण किया जा चुका है, जबकि 21 हजार 94 टन खाद भंडारण बाकी है, जिसके चलते यदि समय रहते किसानो को खाद नही मिल पाया तो आने वाले दिनो में कृषको की परेशानी और भी बढ़ जाएगी, जो खाद भंडारण का टारगेट है उसके अनुसार अभी समितियों में 46 फीसदी ही भंडारण हो सका है। जानकारी के अनुसार युरिया खाद में 21 हजार टन खाद किसानों को देने का टारगेट रखा गया है, जिसके तहत 10 हजार 874 टन खाद का भंडारण समितियों में किया जा चुका है। वहीं 10 हजार 126 टन खाद का भंडारण किया जाना बाकी है। इसी प्रकार एसएसपी खाद में 5 हजार 750 टन खाद किसानों को देने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत समितियों में 2 हजार 343 टन खाद भंडारण कर लिया गया है। वहीं अभी 3 हजार 407 टन खाद का भंडारण किया जाना बाकी है। डीएपी खाद में 7 हजार 650 टन खाद किसानों को बांटने का टारगेट रखा गया है, जिसके तहत 1 हजार 676 टन खाद भंडारण किया जा चुका है। वहीं अभी 5 हजार 974 टन खाद का भंडारण करना अभी बाकी है। इसी तरह एनपीके खाद में किसानों को 3 हजार 3 सौ टन खाद देने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 2 हजार 387 टन खाद का भंडारण सेवा सहकारी समितियो मे किया जा चुका है। वहीं 913 टन खाद का भंडारण करना अभी बाकी है। मोप खाद में 1 हजार 500 सौ टन खाद किसानों को वितरण करने का टारगेट रखा गया है। इसमें 827 टन खाद का भंडारण हो चुका है। वहीं अभी 673 टन खाद का भंडारण करना बाकी है। अभी सेवा सहकारी समितियों में 54 फिसदी खाद का भंडारण बाकी है। वहीं 46 फिसदी भंडारण ही पूरा हो पाया है।



सेवा सहकारी समिति में रखा खाद।

**6 हजार बोरी से अधिक खाद जब्त**-खाद की कालाबाजारी रोकने को लेकर कृषि विभाग का अमला लगातार कार्यवाही भी कर रहा है। कई निजी दुकान संचालको के द्वारा अपने खाद दुकानो में खाद को अधिक दामो में बेच कालाबाजारी कर रहे है। वहीं खाद के भंडारण को लेकर पूरा दस्तावेज भी अधिकारियों को नहीं दे पा रहे है। ऐसे में ही मामलों में कार्यवाही करते हुए कृषि विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा जिले के पामगढ़, अकलतरा, बम्हनीडीह, नवागढ एवं बलौदा ब्लाक में दबिश देकर सप्ताह भर के भीतर करीब 6 हजार से भी अधिक बोरी खाद को जब्त करने की कार्यवाही की जा चुकी है। जिसके चलते खाद की कालाबाजारी करने वाले कई खाद विक्रेताओ में हड़कंप मच गया है।

### अवैध उर्वरक भंडारण पर कार्रवाई, 3.87 टन यूरिया जब्त

**सक्ती।** जिले में उर्वरक भंडारण एवं वितरण की सतत निगरानी की जा रही है। प्राप्त शिकायत के आधार पर विकासखंड सक्ती अंतर्गत ग्राम केसला में जिला एवं विकासखंड स्तरीय निगरानी दल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक निजी भवन में उर्वरक भंडारित पाया गया। जांच में पाया गया कि उक्त उर्वरक मेसर्स मयंक ट्रेडर्स प्रो. श्रीमती उमा राठौर द्वारा भंडारित कराया गया था। कार्रवाई के दौरान फर्म प्रतिनिधि की उपस्थिति में 3.87 टन (86 बोरी) यूरिया उर्वरक जप्त कर तत्काल विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया तथा सामग्री को सुपुर्दगी में रखा गया। कृषि विभाग ने बताया कि जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी एवं अनियमित भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक सक्ती, डभरा एवं जैजैपुर विकासखंडों में कुल 7 प्रकरणों में कार्रवाई की जा चुकी है। कृषि विभाग ने बताया कि किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उर्वरकों के भंडारण एवं वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसानों से भी अधिक मूल्य वसूली अथवा कालाबाजारी की सूचना निकटतम कृषि विभाग को देने की अपील की गई है।

### कर रहे भंडारण

जिले में इस साल 39 हजार 200 सौ टन खाद किसानों को देने का लक्ष्य रखा गया है। 18 हजार 106 टन खाद का भंडारण समितियों मे पूरा कर लिया गया है। बाकी खाद को भी भंडारित करना है। इस पर काम चल रहा है।

**-अमित साहू,**
नोडल अफसर
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
जांजगीर-चांपा



कार्रवाई करती खनिज विभाग की टीम।

# क्षेत्र में फल फूल रहा अवैध ईंट का कारोबार, भट्ठा संचालकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

अवैध ईंट का कारोबार क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। गांव गांव में अवैध भट्ठे खुल रहे हैं। कड़ी कार्रवाई के आभाव में अवैध ईंट का कारोबार फल फूल रहा है। शिकायतों के बाद खनिज विभाग की टीम ने दबिश देकर कई ईंट भट्ठा संचालको को नोटिस जारी किया है।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध ईंट निर्माण का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। गांव-गांव में बिना वैधानिक अनुमति के ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में नियम को ताक पर रखकर ईंट भट्ठोंका संचालन किया जा रहा है। बिना आवश्यक अनुमति और खनिज विभाग की स्वीकृति के ईंट निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इन भट्ठों में मिट्टी का अवैध उत्खनन कर बड़े पैमाने पर ईंटें तैयार की जा रही हैं। जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है, वहीं पर्यावरणीय नियमों की भी अनदेखी की जा रही है।अवैध भट्ठों के कारण कृषि भूमि प्रभावित हो रही है और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद खनिज विभाग ने कार्रवाई शुरू करते हुए कई स्थानों पर दबिश दी।जांच के दौरान कई ईंट भट्ठे निर्धारित नियमों के विपरीत संचालित पाए गए। विभागीय अधिकारियों ने संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। खनिज विभाग ने टेकलाल साहू, दिलीप कुमार साहू, मोतीलाल प्रजापति, प्यारे लाल प्रजापति, किशोर प्रजापति, किशन भारद्वाज, इन्द्रजीत प्रजापति के विरुद्ध नोटिस जारी किया है। उक्त प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग की इस कार्रवाई के बाद अवैध भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया है। खनिज विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिना अनुमति संचालित ईंट भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों पर जुर्माना लगाने के साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

**अवैध परिवहन करते पकड़ाए वाहन**-खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही की गई। खनिज निरीक्षक दुर्गेश कुमार धुव के नेतृत्व में ग्राम बिर्रा में ईंट परिवहन के 2 प्रकरण तथा ग्राम चन्द्रपुर में चूनापत्थर परिवहन के 2 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए 4 वाहनों को जब्त किया गया। जब्त वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित थाना बिर्रा एवं चन्द्रपुर में रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### पीएम किसान सम्मान निधि का विशेष शिविर आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के धान मंडी प्रांगण में मंगलवार 9 जून को सुबह 9 बजे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का विशेष शिविर का आयोजन रखा गया है। उक्त शिविर में कृषि विभाग जैजैपुर के अधिकारियों के द्वारा किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि की सहायता राशि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी। इस शिविर में किसानों के समस्या जैसे खाद, धान व अन्य बीज , किसान पेंशन की राशि आदि का निराकरण किया जाएगा। शिविर में सभी किसानों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने अपील की गई है।

### खुरघटी में समाधान शिविर का आयोजन कल

**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 'सुशासन तिहार 2026' के अंतर्गत जिले में 1 मई से 10 जून तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत पंचायत भवन के पास खुरघटी में 10 जून को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर खुरघटी में ग्राम, खुरघटी, खोंधर, बसंतपुर, छुहीपाली, कटेकोनी बड़े, कटेकोनी छोटे, कंवलाझर, कुसुमझर, नावापारा ड, खैरा, रामभांठा, सिरियागढ़, सुखापाली, ठनगन, मांजरकुद, एवं फरसवानी ग्राम पंचायत क्लस्टर शामिल रहेंगे।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी कोरबा से गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने कोरबा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 5 मार्च 2026 को बलौदा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका के अचानक घर से गायब होने की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने का अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना बलौदा की टीम ने जांच तेज की। साइबर सेल की तकनीकी सहायता से पुलिस ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद बलौदा पुलिस की टीम ने कोरबा पहुंचकर आरोपी दुवास केंवट उम्र 21 वर्ष निवासी जवाली, थाना बाकीमोंगरा, जिला कोरबा को हिरासत में लिया और नाबालिग पीड़िता को सकुशल बरामद किया। पूछताछ के दौरान आरोपी दुवास केंवट ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ अनाचार करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 64, 64(एम), 65(1), 69 और पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## एवरेस्ट विजेता अमिता का कलेक्टर ने बढ़ाया हौसला...



**जांजगीर-चांपा।** जिले की पर्वतारोही सुश्री अमिता श्रीवास ने विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट को सफलतापूर्वक फतह कर जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। एवरेस्ट अभियान से लौटने के पश्चात उन्होंने कलेक्टर जन्मेजय महोबे से सौजन्य भेंट की और अपने अभियान के अनुभव साझा किए।

### अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराद्वार।** बाराद्वार पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब का कारोबार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भुरसाडीह में रहने वाला भागवतलाल पटेल कच्ची महुआ शराब का अवैध कारोबार करता है। मुखबिर की सूचना पर बाराद्वार पुलिस ने 7 जून को ग्राम भुरसीडीह में टीम बनाकर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान भागवत लाल पटेल पिता स्व. मनोहर लाल पटेल उम्र 36 के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक नरेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक मनीष राजपूत, आरक्षक तकेश्वर कटकवार एवं आर. बुधेश्वर प्रसाद पटेल का योगदान रहा।

# भदराखार में सजी थी जुए की महफिल, 14 जुआरी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघुल के भदराखार में जुआरियों की महफिल सजी थी। पुलिस टीम ने दबिश देकर फड़ से 14 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से 1 लाख 3 हजार 8 सौ रुपए नगदी बरामद किया गया।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सिंघुल -भदराखार में जुआ चल रहा है। पुलिस ने सोमवार 7 जून की देर शाम मौके पर दबिश दी। इस दौरान जुआ खेल रहे 14 जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पकड़े गए जुआरियों में राधेश्याम साहू 48 वर्ष सरवानी कसडोल, दिलीप कुमार पैकरा 44 वर्ष तिपरगंज गिरौदपुरी, विक्की वर्मा 30 वर्ष सेल कसडोल, कमलेश कैवर्त 42 वर्ष रामपुर गिधौरी, गेंदराम कैवर्त 42 वर्ष कोट गिधौरी, रतन केंवट 66 वर्ष सिंधुल शिवरीनारायण, ओम कुमार कैवर्त 46 वर्ष कोट गिधौरी, जगदीश दास मानिकपुरी 26 वर्ष मडवा गिधौरी , परमेश्वर देवांगन 37 वर्ष कटगी कसडोल, सुनील केंवट 34 वर्ष अमोदी गिधौरी, माधवराम लोहार 40 वर्ष सरवानी कसडोल, समीर प्रेमी 36 वर्ष तुरकीनडीह गिधौरी, कमलनारायण साहू 33 वर्ष अमोदी गिधौरी एवं भीमराम कैवर्त 59 वर्ष अमोदी गिधौरी शामिल है। पुलिस ने उनके कब्जे से 1 लाख 3 हजार 8 सौ रुपए बरामद किए। जुआरियों के खिलाफ धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

**खास बात**

- ज्यादार जुआरी पड़ोसी जिले के, 1 लाख से अधिक नगदी रकम जब्त



पुलिस के साथ पकड़े गए जुआरी व जब्त रकम।

बदहाल सड़क पर आवागमन नहीं आसान, बारिश के दिनों में बढ़ती है परेशानी

# तुस्मा-खैरताल मार्ग में जगह-जगह बने गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

तुस्मा-खैरताल मार्ग की स्थिति बदहाल हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। ऐसे में सड़क पर चलना आसान नहीं रह गया है। बारिश के दिनों में कीचड़ से सराबोर मार्ग पर चलना दुभर होता है। हाल ही के दिनों में हुई बारिश के साथ ही इस तरह की दिक्कतें शुरु हो गई है।

सड़क की हालत कई सालों से खराब है। समय के साथ इसकी स्थिति और भी जर्जर होती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे उभर आए है। उखड़ी हुई डामर की परत और कीचड़ भरे हिस्से लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग की दुर्दशा कोई नई बात नहीं है। पिछले वर्ष बरसात के दौरान सड़क की हालत और भी खराब हो गई थी। कई स्थानों पर पानी भर जाने और सड़क टूट जाने के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ा था। स्कूली बच्चों, किसानों, मरीजों और रोजाना आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। आए दिन दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भयावह हो जाती है, जब सड़क पर बने गड्ढे पानी से भर जाते हैं और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। कई बार मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी दिक्कत होती है। अभी हाल ही में कुछ दिन हुई बारिश के बाद सड़क कीचड़ से सराबोर हो गई। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यही मार्ग उनके खेतों तक पहुंचने और कृषि उपज को बाजार तक ले जाने का प्रमुख रास्ता है। सड़क खराब होने के कारण परिवहन लागत बढ़ जाती है और समय भी अधिक लगता है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं स्कूली बच्चों और कॉलेज के विद्यार्थियों को भी प्रति दिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो आगामी बारिश में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को सड़क की स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन आश्वासनों के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ। अब लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और वे जल्द से जल्द सड़क निर्माण या मरम्मत की मांग कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि तुस्मा से खैरताल मार्ग का तत्काल निरीक्षण कराया जाए और सड़क की मरम्मत के लिए आवश्यक बजट स्वीकृत कर जल्द कार्य शुरू किया जाए।



कुछ दिन पहले हुई बारिश के बाद कीचड़ से सराबोर सड़क।

# जिला जेल में चांर बंदी मिले एचआईव्ही संक्रमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला जेल जांजगीर में चार बंदी एचआईबंदी संक्रमित पाए गए है। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के दौरान जेल में बंद चार कैदियों की रिपोर्ट एचआईव्ही पॉजिटिव आई है। इस खुलासे के बाद जेल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। संक्रमित बंदियों को इलाज और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। पहले दो बंदियों में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद कराई गई विशेष स्वास्थ्य जांच और स्क्रीनिंग के दौरान दो अन्य बंदियों में भी एचआईवी संक्रमण मिला।

जानकारी के अनुसार जिला जेल में बंद चार कैदियों की स्वास्थ्य जांच जिला अस्पताल में कराई गई थी। जांच रिपोर्ट आने पर चारों बंदियों में एचआईव्ही संक्रमण की पुष्टि हुई। रिपोर्ट सामने आने के बाद जेल प्रशासन ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर संक्रमित कैदियों के उपचार की व्यवस्था शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि संक्रमित बंदियों को जेल परिसर में संचालित अस्पताल के माध्यम से नियमित दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा उनकी स्वास्थ्य स्थिति की निगरानी भी की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनीता श्रीवास्तव ने बताया कि पहले दो बंदियों में संक्रमण मिलने के बाद व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग कराई गई थी। इसी जांच के दौरान दो अन्य बंदियों में भी संक्रमण की पुष्टि हुई। उन्होंने कहा कि सभी संक्रमितों का उपचार जारी है और स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं। जिला जेल के अधीक्षक डॉ. डी टोंडर ने बताया कि जेल में किसी भी बंदी को प्रवेश देने से पहले स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। एचआईवी संक्रमित बंदियों का इलाज बिलासपुर से उपलब्ध दवाओं और चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार किया जा रहा है।

# पारे टोले को पीएम सड़क से जोड़ने पहुंच मार्ग का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की ऐसी ग्राम पंचायतें जिनके पारे टोलों में ऐसे पहुंच मार्ग का निर्माण नहीं हो सका है, ऐसे स्थानों में सीसी रोड का निर्माण कर उन्हें गांव की पीएम सड़क से जोड़ा जाएगा। पहुंच मार्ग निर्माण योजनान्तर्गत इस कार्य को शामिल किया गया है।

पीएम जनमन सड़क योजना के तहत ग्रामीण अंचलों की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों के उन पारे टोलों को भी पीएम सड़क से जोड़ने के लिए कार्य योजना बनी है। इसके तहत इन छोटे छोटे पारे टोलों में एक से तीन किलोमीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण होगा। ऐसे पारे टोले को आदिवासी विकास विभाग के द्वारा अपने सर्वे के दौरान चयनित किया गया था। जहां बरसात के दिनों में भी पहुचना कठिन हुआ करता था और पंचायत मुख्यालय से भी ऐसे गांव जैसे पारे टोले कट जाते थे। पीएम जनमन योजना के तहत 27 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। जहां सड़क का निर्माण चल रहा है। उन्हीं ग्राम पंचायतों के पारे टोलों को भी पीएम सड़क से जोड़ने का काम किया जाएगा। 22 पारे टोले चयनित हुए हैं। जो कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत आते हैं। ऐसे पारे टोले पहुंच विहीन क्षेत्रों के हैं जो अपने पंचायत मुख्यालय से भी बारिश के दिनों में अलग-थलग पड़ जाते हैं।

## 22 पारे टोलों में बनाई जाएगी सीसी रोड

**खास बातें**

- कोरबा, पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के ग्रामों को किया गया है शामिल



### लगंगे सोलर पैनल

पंचायत के पारे टोलों के बीच बनने वाली सड़क में रोशनी के लिए सोलर पैनल की भी योजना तैयार हुई है। जिसके अंतर्गत डीएमएफ से खंभे लगाने और सोलर पैनल लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार हुआ है। क्रेडा के द्वारा इन क्षेत्रों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। वन क्षेत्र होने के कारण बिजली के पोल अब तक नहीं लग सके हैं।

### ये हैं पारे टोले जहां बनेगी सड़कें

जिन पंचायतों के पारे टोले में सड़कों का निर्माण होना है उनमें कोरबा विकास खंड के खम्होन, डोकरमना, अरेतरा, सदरीडांड, सिलीगुड़ी, मछलीभाटा, आछीमार, इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में लेपरा, धवलपुर, कारीमाटी, कोडगार, भुजंगकछार आदि शामिल हैं। ये ऐसे पारे टोले हैं जो पीएम सड़क से 3 से 4 किलोमीटर दूर हैं। बरसात के पूर्व खाद्यान्न का भंडारण इनकी पंचायतों तक हो पाता है। पारे टोले तक भंडारण को लेकर एक बड़ी समस्या पहुंच मार्ग नहीं होने की थी।

## खबर संक्षेप



### प्रेरणा महिला समिति ने किया वृक्षारोपण

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन एवं सभी उपाध्यक्षाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर केन्द्रीय उत्खनन कर्मशाला, गेवरा की प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीईडब्ल्यूएस ऑफिस के पास महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण किया गया। यह कार्यक्रम प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के मार्गदर्शन तथा उनकी सहयोगी सदस्याओं श्रीमती रश्मि टंडन, शीला श्रीवास , श्रीमती बबीता एवं श्रीमती इतिश्री बड़ई के विशेष सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### श्रद्धा महिला मंडल ने किया वृक्षारोपण



**कोरबा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वसंत क्लब परिसर में श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की उपाध्यक्षगण एवं अन्य सदस्याओं ने भी पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों एवं कर्मचारियों को फलदार पौधे तथा पर्यावरण अनुकूल जूट के थैले वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। अपने संबोधन में श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन ने सभी से अधिकाधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की आधारशिला हैं।

### सभी भाषाओं की जननी है संस्कृतः दिव्या

**कोरबा।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतामणी में संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ की ओर से संस्कृत प्रबोधन वर्ग का आयोजन आज से शुरू हो गया। प्रबोधन वर्ग में विभिन्न जिलों से शिक्षार्थी शामिल हुये हैं यह अभ्यास वर्ग 10 दिन तक चलेगा। मुख्य वक्ता संस्कृत महाविद्यालय रायपुर की प्राध्यापिका डॉक्टर दिव्या देशपाण्डे ने संवाद की शैली में अपनी बात रखी। संस्कृत के प्रति अभिरुचि और इसे जानने की इच्छा को लेकर उन्होंने अवधारणा प्रस्तुत की। डॉक्टर दिव्या ने व्यवहारिक कार्य और अन्य विषयों में संस्कृत को शामिल करने का आग्रह किया।

## मामला पाली विकासखंड का, नगर पंचायत ने कराया था निर्माण

# चीर घर स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर नहीं होने से बाहर रखना पड़ता है शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली विकासखंड अंतर्गत पांच साल पहले बनाए गए चीर घर के विभाग को हैंडओवर नहीं होने के कारण एक से अधिक शव आने के कारण कक्ष के बाहर रखने की स्थिति निर्मित हो जाती है। क्षेत्र के विधायक ने इस मामले को सुशासन तिहार के अलावा प्रशासन के सामने भी ला चुके हैं।

**खास बात**

- विधायक दो बार उठा चुके हैं प्रशासन के सामने मामला

जिले में चुनिंदा चीरघर हैं। जिसमें नगर पंचायत पाली स्थित चीरघर भी शामिल है। जहां आवश्यकतानुसार शवों का पोस्टमार्टम किया जाता है। वर्तमान भवन महज दो कमरों का है, जिसमें सामने एक छोटा सा कमरा और अंदर प्लेटफॉर्म रूम है, जहां शवों का पोस्टमार्टम किया जाता है। इस कमरे में केवल एक ही शव रखा जा सकता है। चूंकि पाली नेशनल हाईवे में स्थित है। पूरे ब्लॉक, क्षेत्र का केंद्र बिंदु है। ग़ह विभिन्न दुर्घटनाओं, आपदाओं अथवा अन्य कारणों से मृत होने वाले शवों का पोस्टमार्टम करने का एकमात्र स्थल है। कभी-कभी एक के साथ कुछ और शव आ जाते हैं, ऐसे में विकट स्थिति उत्पन्न हो जाती है। शवों को बाहर ही रखना पड़ता है।



पाली स्थित चीर घर।

### तीन किशोरों के शव को रखने नहीं मिल रही थी जगह

हाल ही में पाली ब्लाक के पहाड़गांव में पेड़ के नीचे दबने से 3 किशोरों की मौत होने के बाद उनके शव को रखने के लिए पुराने चीर घर में जगह की समस्या खड़ी हो गई थी। जिसके बाद यह मामला तूल पकड़ने लगा है। स्थिति यह हो जाती है कि शव को अस्पताल में रखना पड़ता है।

### स्वास्थ्य विभाग को लिखा गया है पत्र

नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल ने बताया कि यह उनके 5 वर्ष पूर्व के कार्यकाल के दौरान निर्मित हुआ था। तब से स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर के लिए कहा जा रहा है। नपं अध्यक्ष श्री जायसवाल ने पुनः स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर भवन के हस्तांतरण की मांग की है।

इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लगभग 6 वर्ष पूर्व चीरघर के लिए सर्व सुविधा युक्त अतिरिक्त भवन का निर्माण कार्य कराया था। जिसकी निर्माण एजेंसी नगर पंचायत पाली थी। उक्त भवन को निर्मित हुए लगभग 5 वर्ष गुजर गए हैं, लेकिन भुगतान के एक मामले के कारण अब तक यह हैंड ओवर नहीं हो पाया है। 5 साल से नया भवन रखरखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील होते जा रहा है। जबकि इस भवन में एकाधिक शव को रखने के लिए पर्याप्त जगह है। यह समय की आवश्यकता भी है।

# स्वस्थ जीवन व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती साइकिल रैली




कार्यक्रम में शामिल लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर रविवार को जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कोरबा द्वारा रविवार साइकिल के नाम अभियान के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ एसईसीएल वालीबॉल मैदान से हुआ, जो मुड़ापार बाजार चौक, डीएवी विद्यालय मार्ग, हेलिपैड, घंटाघर तथा हनुमान मंदिर (सुभाष ब्लॉक कॉलोनी) होते हुए जी.एम. परिसर के मार्ग से पुनः एसईसीएल वॉलीबॉल मैदान पहुंचकर संपन्न हुई।

साइकिल रैली में पुलिस विभाग से रक्षित निरीक्षक अनंत राम पैकरा, निगम सचिव रामेश्वर सिंह, वॉलीबॉल संघ से सुशील गर्ग, स्काउट-गाइड प्रभारी सुश्री उत्तरा कैवर्त एवं श्री दिगंबर सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, स्काउट-गाइड सदस्य, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिक निगम, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली में स्कूली बच्चों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित लगभग 250 लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को साइकिल उपयोग के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनसामान्य को प्रेरित करना था। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वॉलीबॉल संघ, व्यायाम शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग तथा अन्य सहयोगी संस्थाओं का विशेष योगदान रहा।

# पितनी नदी में अप्रैल तक पुलिया निर्माण का दावा निकला खोखला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

बहुप्रतीक्षित उतरदा व धौराभांठा के बीच बहने वाली पितनी नदी पुल विहिन होने से बरसात के दिनों में आवागमन पूरी तरह बंद हो जाता है लेकिन पढाई की ललक ने उतरदा मीडिल व हाईस्कूल में अध्यनरत छात्रों को नदी की उफनती धारा भी नहीं रोक पाती और वे उफनती नदी को स्कूल लगने व सांय को छुट्टी के समय अप-डाउन बस्ता को सिर पर रख, एक दूसरे का हाथ पकड़कर नदी की उफनती धारा को पार करते हैं यदि जरा सी लापरवाही हुई तो नदी के बाहव में बहना स्वाभाविक है।

**खास बात**

- इस बारिश में अध्ययनरत छात्रों को नहीं मिलेगी नदी की धारा से राहत

उल्लेखनीय है कि उतरदा में किसानों के लिए सहकारी समिति बारिस का मौसम खेती किसानी के लिए खाद लेने उप स्वास्थ्य केन्द्र,बस स्टैंड,बैंक जैसे अन्य सुविधाएं है जहां धौराभांठा, रामपुर व अंडीकछार के ग्रामीण पहुंचते हैं, पुल बन जाने से सिरली, उतरदा नेवसा के लोगों को ब्लाक मुख्यालय पाली जाने में कम दूरी तय करनी पडेगी, वर्तमान में क्षेत्र के लोगों को 10-12 किमी अतिरिक्त सफर तय कर पाली पहुंचना पडता है, पुल बन जाने से दूरी घटकर महज 4 किमी ही रह जाएगी । पुल की लंबाई 30 मीटर व पुल के दोनों ओर सड़क निर्माण 18 सौ मीटर है वो भी अधुरा है,पुल की कुल लागत 2 करोड़ 25 लाख रुपए है। जिला प्रशासन को चाहिए कि पुल निर्माण कार्य में गति लाने निर्माण एजेंसी व ठेकेदार पर नकेल कसी जाए। वही गृहग्राम का गंभीर समस्या को देखते हुए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने विधायक बनते ही अपने प्रमुख कार्य में शामिल कर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विशेष आग्रह कर पुल निर्माण को धरातल पर ले तो आए लेकिन विभागीय अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही से इस बहुप्रतीक्षित कार्य से इस बरसात में क्षेत्र के लोगों को राहत मिलती नहीं दिख रही है क्योंकि 12-15 जून को मानसून आने की संभावना है ऐसे में निर्माण कार्य बंद करना पड़ेगा ऐसे में बारिश से पहले पुल का पूरा बन पाना संभव नहीं लग रहा है। पेटी ठेकेदार गोरेलाल साहू के द्वारा पूल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जब उनसे पुल निर्माण की धीमी गति के संबंध में जानकारी के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने मोबाइल न तो रिसीव किया न ही काल बैक किया गया। उतरदा सरपंच प्रतिनिधि सुंदर मरावी ने कहा कि कार्य की गति धीमी होने से स्कूली बच्चों व क्षेत्र के लोगों को इस बरसात में राहत मिलती नहीं दिख रही है संबंधित विभाग व ठेकेदार को इस दिशा में गंभीरता दिखाने की जरूरत है। वहीं इंजीनियर दिनेश कुमार ने कहा कि अभी पुल निर्माण कार्य शुरू है।



निर्माणाधीन पुलिया।

### समान काम समान वेतन को लेकर 12 को ठेका श्रमिकों की महासभा

**कोरबा।** कोयलांचल क्षेत्र के ठेका श्रमिकों और भूविस्थापितों के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए आगामी 12 जून को कुसमुंडा के महतरी अंगना में एक विशाल महासभा का आयोजन होने जा रहा है इस महासभा का मुख्य एजेंडा समान काम समान वेतन और स्थानीय भूविस्थापितों को उनका वाजिब हक दिलाना है। इस महाआयोजन को सफल बनाने के लिए अशोक पटेल, संतोष चौहान, विनोद सारथी और गोविंदा सारथी लगातार जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं। इन नेताओं ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों और आउटसोर्सिंग कंपनियों में ठेका श्रमिकों व भूविस्थापितों के बीच पहुंचकर सघन जनसंपर्क किया और चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

# कबाड़ से भरे चार वाहनों को पुलिस ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा लगातार अवैध कबाड़ के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उरगा व कुसमुंडा पुलिस ने दो अलग अलग स्थानों से कबाड़ की कुल चार वाहनों को जब्त किया है।

थाना प्रभारी उरगा निरीक्षक नवीन पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम कुरूडीह स्थित एक बंद परिसर में दबिश दी। पंचों की उपस्थिति में की गई तलाशी के दौरान भारी मात्रा में लोहे का कबाड़ एवं वाहन बरामद किए गए। कार्रवाई में एक माजदा डीआरएस पिकअप, एक 407 ट्रक एवं एक अन्य ट्रक से कुल लगभग 14 टन लोहे का कबाड़, मोटरसाइकिल के कटे-पाट्र्स सहित 3 वाहन जप्त किए गए। जप्त मशरूका एवं वाहनों की कुल अनुमानित कीमत 12.60 लाख आंकी गई है। वहीं रविवार को थाना कुसमुंडा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि वैशालीनगर जरहाझेल 6 नंबर बेरियर मार्ग पर एक संदिग्ध पिकअप वाहन लावारिस हालत में खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 ई 8576 में लोहे की जाली, पाइप, रोलर एवं अन्य सामग्री सहित लगभग 2 टन लोहे का कबाड़ भरा हुआ मिला है। पुलिस की मौजूदगी का आभास होते ही वाहन चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने वाहन एवं कबाड़ सामग्री के संबंध में कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर जब्त कर लिया है। दोनों थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान कुल लगभग 16 टन लोहे का कबाड़ एवं 4 वाहन जप्त किए गए। जप्त मशरूका एवं वाहनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 13.40 लाख है। संदिग्ध एवं लावारिस प्रकृति का पाए जाने तथा संबंधित व्यक्तियों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर समस्त मशरूका को धारा 106 बीएनएसएस के तहत जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।



पुलिस द्वारा जप्त वाहन।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सिवनी (च) प.ह.नं. -02 रा. नि.मं. चाम्पा तहसील चाम्पा जिला जांजगीर-चाम्पा छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 2004/3, 2004/4, 2004/5 कुल रकबा 2.94 एकड़ के संबंध में संतोष कुमार सोनी, पुष्कर सोनी एवं यशराज सोनी तथा विनोद सोनी एवं दिनेश सोनी के मध्य मुकदमा जांजगीर न्यायालय में संचालित है जिसका व्य. वाद क्रं.- 42- अ / 2025 है जिसमें सुनवाई हेतु प्रकरण दिनांक 18.06.2026 को नियत है । उक्त भूमि पर विनोद सोनी एवं दिनेश सोनी का स्वामित्व है, जिसे संतोष कुमार सोनी, पुष्कर सोनी एवं यशराज सोनी द्वारा जबरन कब्जा कर विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। कथित भूमि पर उनका कोई हक व स्वामित्व नहीं है, उक्त भूमि को खरीदने वाले व्यक्ति को भूमि पर कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा तथा व्यर्थ के मुकदमें में उलझना पड़ेगा एवं क्रय किये जाने की राशि एवं भूमि पर कब्जा प्राप्त करने का क्रेता को कोई अधिकार नहीं होगा जिसकी सूचना आम और खास को दी जाती है।
सो सूचना जाने
दिनांक – 08/06/2026
भवदीय
रामनरेश उपाध्याय
अधिवक्ता जांजगीर
मो.नं.- 9300694203

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक / 37 / तह. / वा./26
शि.ना., दिनांक .06.2026
प्र.क्र. / स- 132/ 2026
ग्राम - शिवरीनारायण प.ह.नं. 10
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदिका बाबी बाई यादव पति विनोद यादव जाति यादव निवासी शिवरीनारायण तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके पति विनोद यादव कि मृत्यु दिनांक 04.07.2019 को ग्राम शिवरीनारायण में हुआ पर भूलवश मृत्यू पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यू पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है ।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 22.06.2026 .को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
आज दिनांक 05.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
शिवरीनारायण

-:: नाम परिवर्तन / संशोधन सूचना ::-
मैं अखिलेश टंडन उम्र 19 वर्ष पिता श्री अंजोर टंडन, जाति सतनामी, निवासी मुकाम + पोस्ट- धुरकोट, तहसील-डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.) पिनकोड - 495692 का निवासी हूं। मेरा आधार कार्ड क्रमांक- 7794 99693225 है जिसमें मेरा नाम मोनू कुमार टंडन अंकित है जबकि मेरे शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं जन्म प्रमाण-पत्र में मेरा वास्तविक नाम अखिलेश टंडन अंकित है।
यह कि मोनू कुमार टंडन एवं अखिलेश टंडन दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है, जो कि मेरा ही नाम है, किसी अन्य व्यक्ति का नाम नहीं है।
अतः मेरा वास्तविक नाम आधार कार्ड में अखिलेश टंडन संशोधन कर दर्ज किये जाने हेतु यह सूचना प्रस्तुत है।
अखिलेश टंडन पिता श्री अंजोर टंडन
पता- मु.पो. धुरकोट, तहसील- डभरा
जिला- सक्ती छत्तीसगढ़ पिन- 495692

-:: नाम परिवर्तन / संशोधन सूचना ::-
मैं गंगादास महंत उम्र 54 वर्ष पिता श्री रहस दास, जाति पनिका, ग्राम- मुक्ता, थाना व तहसील चन्द्रपुर, जिला- सक्ती छत्तीसगढ़ का निवासी हूं। जो कि मैं अपनी पुत्री डिम्पल महंत के नाम पर जारी आधार कार्ड क्रमांक 62759493 2967 है। जिसमें उसका नाम डालेश्वरी महन्त अंकित है जिसे उसके कक्षा 5वीं शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों के अनुसार वास्तविक नाम डिम्पल महंत अंकित कराना चाहता हूं।
यह कि डालेश्वरी महन्त एवं डिम्पल दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है, जो कि मेरी पुत्री का ही नाम है, किसी अन्य व्यक्ति का नाम नही है।
अतः मेरी पुत्री के उक्त वास्तविक नाम अनुसार आधार कार्ड में डिम्पल महंत संशोधन कर दर्ज किये जाने हेतु यह सूचना प्रस्तुत है।
गंगादास महंत पिता रहस दास
पता - मुक्ता, थाना व तहसील- चन्द्रपुर
जिला सक्ती छत्तीसगढ

-: नाम परिवर्तन / संशोधन सूचना :-
मैं सुनील उम्र 19 वर्ष पिता श्री भुरू राम, जाति गोंड़, ग्राम- सिरियागढ़, पोस्ट- कंवलाझर, तहसील डभरा, जिला- सक्ती (छ.ग.) पिनकोड - 495688 का निवासी हूं। मेरा आधार कार्ड क्रमांक- 4052 3206 2724 है। जिसमें मेरा नाम पूनम सिंह अंकित है। जबकि मेरे शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं जन्म प्रमाण-पत्र में मेरा वास्तविक नाम सुनील अंकित है।
यह कि पूनम सिंह एवं सुनील दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है, जो कि मेरा ही नाम है, किसी अन्य व्यक्ति का नाम नही है।
अतः मेरा वास्तविक नाम आधार कार्ड में सुनील संशोधन कर दर्ज किये जाने हेतु यह सूचना प्रस्तुत है।
सुनील पिता श्री भुरू राम
पता- ग्राम सिरियागढ़, पो. कंवलाझर तह. - डभरा
जिला- सक्ती छत्तीसगढ़ पिन- 495688

**आम सूचना**
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नरेन्द्र कुमार राठौर उम्र 67 वर्ष पिता रामलाल राठौर जाति राठौर हाउस नंबर-37 नंदौरकलां पोस्ट-नंदौरकलां तहसील व जिला सक्ती तथा श्रीमती रामकुमारी राठौर उम्र 66 वर्ष पति नरेन्द्र कुमार राठौर जाति राठौर हाउस नंबर-37 नंदौरकलां पोस्ट नंदौरकला तहसील व जिला सक्ती के पुत्र इंदूभूषण राठौर जो कि वर्तमान में 21 A असम राईफल्स में स्थान मणिपुर राज्य में सेवारत है। हमारे पुत्र इंदूभूषण राठौर के सर्विस रिकार्ड/सेवा पुस्तिका में उसके पिता नरेन्द्र कुमार राठौर का जन्म दिनांक 12.05.1958 प्रविष्ट/दर्ज है। तथा मेरे आधार कार्ड नंबर 831713536673 में मेरा नाम नरेन्द्र कुमार राठौर एवं जन्म दिनांक 30.06.1959 दर्ज/प्रविष्ट है जो कि सही एवं सत्य है। इसके अलावा मेरे पुत्र इंदूभूषण राठौर के सर्विस रिकार्ड/सेवा पुस्तिका में उसकी माता रामकुमारी राठौर का जन्म दिनांक 25.09.1960 प्रविष्ट/दर्ज है। जबकि उनके नाम पर जारी आधार कार्ड नंबर 323807246969 में उनका जन्म दिनांक 01.01.1960 दर्ज/प्रविष्ट है जो कि सही एवं सत्य है। अतः हमारे द्वारा श्रीमान नोटरी सक्ती के समक्ष अलग-अलग शपथ पत्र निष्पादित कर हमारे पुत्र इंदूभूषण राठौर के सर्विस रिकार्ड/सेवापुस्तिका में हमारा जन्म दिनांक सुधारकर दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है। अतः आज से हमारे पुत्र इंदूभूषण राठौर के सर्विस रिकार्ड/सेवापुस्तिका में हमारा जन्म दिनांक संशोधित कर दर्ज किये जाने हेतु इस आम सूचना का प्रकाशन कराया जा रहा है।
सो सूचना जाने
सूचनाकर्ता
नरेन्द्र कुमार राठौर पिता रामलाल राठौर
रामकुमारी राठौर पति नरेन्द्र कुमार राठौर
हाउस नंबर-37 नंदौरकलां, पोस्ट नंदौरकलां
तहसील व जिला सक्ती छ.ग.

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### ओपी के विकास से तनाव में कांग्रेसः दीवान

**रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 5 जून पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण विभाग के घेराव की घोषणा पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस बढ़ते प्रदूषण और बढ़ते बीमारियों से नहीं, बल्कि अपनी हार और ओपी चौधरी के विकास कार्यों को देखकर मानसिक तनाव में है। तनावग्रस्त अवस्था की वजह से कांग्रेस को हर तरफ हताशा और बौखलाहट नजर आ रही है। श्री दीवान ने कहा कि कांग्रेस को आज किसी भी मुद्दे पर जनता का साथ नहीं मिल रहा। कुछ अवसरवादियों का समूह निज स्वार्थ के लिए विकास के विरोध की राजनीति कर रहा है। ताकि विरोध की आड़ में राजनैतिक स्वार्थ की रोटी सेक सके। कांग्रेस के मुख्यमंत्री रहे अजीत जोगी ने स्थानीय उद्योग के हाथों जंगल जमीन पानी सब कुछ गिरवी रख दिया। उद्योगों का विकास तो हुआ। लेकिन आम जनता के लिए परेशानी छोड़ गया। भूपेश सरकार ने लगातार एमओयू किया ताकि 10 जनपथ द्वारा दिया गया वसूली का टारगेट पूरा हो और भूपेश की कुर्सी सलामत रहे। 5 साल में भूपेश सरकार के विधायक शहर सरकार विकास की एक ईंट नहीं रख पाई। दीवान ने ओपी के ढाई सालों का हिसाब देते हुए कांग्रेस के पांच सालो का हिसाब मांगा है।

### बुआई से पहले किसानों को बड़ा झटका : खेमराज

**रायगढ़।** इस वर्ष सीजन की बुआई शुरू होने से पहले किसानों को महंगाई का बड़ा झटका सामने दिखाई देने लगा है। रायगढ़ सहित प्रदेश में बीज, खाद, कीटनाशक, डीजल और मजदूरी दरों में लगातार बढ़ोतरी के कारण खेती की लागत में भारी इजाफा हुआ है। कृषि विशेषज्ञों और किसान संगठनों का कहना है कि इस वर्ष प्रति एकड़ खेती का खर्च पिछले साल की तुलना में 8 से 10 हजार रुपये तक बढ़ सकता है। किसानों के अनुसार डीएपी, एनपीके जैसे उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोतरी, डीजल के बढ़े खर्च और कृषि मजदूरी दरों ने खेती को और महंगा बना दिया है। वहीं कई क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त बीज भी ऊंचे दामों पर उपलब्ध हो रहे हैंए जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान नेता खेमराज नायक का कहना है कि जब छत्तीसगढ़ में खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, तब फसलों के उचित दाम और समय पर कृषि सहायता मिलना बेहद जरूरी है। यदि सरकार किसानों को अतिरिक्त राहत नहीं देती है तो छोटे और सीमांत किसानों पर आर्थिक दबाव और बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि आज किसानों को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। 2022 तक किसानों का आय दुगुनी करने के नाम से आई भाजपा सरकार किसानों को लगातार छल रही है।

### स्व. ओम प्रकाश की पुण्यतिथि पर फल वितरित

**बरमकेला।** स्वर्गीय ओम प्रकाश सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर शिव सेवा संकल्प संस्थान द्वारा बरमकेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच फल एवं बिस्किट का वितरण कर स्वर्गीय ओम प्रकाश सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कलेक्टर के नाम टीआई को सौंपा ज्ञापन, निराकरण नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

# किसानों को जरूरत के हिसाब से नहीं मिल रहा खाद, आंतरिक किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

आंचलिक किसान संघ सरिया ने रासायनिक खाद एवं डीजल आपूर्ति की मांग को लेकर रविवार को थाना प्रभारी सरिया को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नाम सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने लिखा है कि पूर्व में सेवा सरकारी समिति सरिया एवं क्षेत्र के अन्य समितियां में भी रासायनिक खाद की आपूर्ति के संबंध में ज्ञापन दिया गया था। जो आज पर्यंत तक किसानों की सुविधा के लिए किसी भी प्रकार का कोई पहल नहीं किया गया। यदि 9 जून तक हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 10 जून को दोपहर 12 बजे से धरना प्रदर्शन के लिए भाग्य होंगे यह कि संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

किसानों ने बताया कि सेवा सहकारी समिति सरिया एवं क्षेत्र के अन्य समितियां में भी रासायनिक खाद की आपूर्ति जरूरत के हिसाब से नहीं मिल रहा है। प्रशासन के वर्तमान वितरण व्यवस्था डेढ़ एकड़ खेत में एक बोरा इफको और एक बोरा यूरिया वितरण किया जा रहा है। जब की जरूरत दो बोरा इफको और दो बोरा यूरिया की है। ऐसी स्थिति में किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। यही स्थिति क्षेत्र के पेट्रोल पंप में है। हम किसान लोग ट्रैक्टर में केचबल लगाकर खेत की जुताई करते हैं। और तेल की कमी होने के कारण केजबल सहित ट्रैक्टर यदि सड़क में लाते हैं तो सड़क की हालत खराब होगा। हम नहीं चाहते की अच्छी सड़क किसानों के ट्रैक्टर केजबल के चलने से खराब हो इसलिए दो विषय पर हमारा मांग रही है कि सेवा सहकारी समिति में किसानों को जरूरत के हिसाब से दो बोरा इफको और दो बोरा यूरिया एवं किसानों को पेट्रोल पंप में डब्बा के माध्यम से भी डीजल वितरण की सुविधा प्रदान की जाए।



ज्ञापन सौंपते किसान।

## 6 सालों से नहीं हुआ नजूल रिकार्ड अपडेट, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

सारंगढ़ विगत 6 सालों से भी पहले से सारंगढ के नजूल रिकार्ड अपडेट नहीं होने से लोगों को अपनी ही भूमि का ना तो फौती दुरूस्ती हो पा रहा है और ना ही नामांतरण हो पा रहा है। जिसके कारण नजूल क्षेत्र के नागरिकों को ना तो प्रधामंत्री आवास का लाभ मिल पा रहा है और ना ही किसी अन्य योजनाओं का। वहीं नजूल क्षेत्र के इन नागरिकों को रिकार्ड अपडेट नहीं होने के कारण बैंको से कोई लोन भी नही मिल पा रहा है।

दरअसल सारंगढ़ जो अब जिला मुख्यालय है पहले तहसील मुख्यालय था में तत्कालीन नजूल विभाग के संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण नजुलशीट ही नहीं बन पाया था जिसमे पूरे नजूल क्षेत्र का व्यक्तिशह नक्शा होता है। क्षेत्र की इस समस्या को देखते हुए कांग्रेस सरकार के समय विधायक उत्तरी जांगड़े ने मामला विधानसभा में उठाया था जिसके बाद सारंगढ़ के नजूल क्षेत्र का सिंगल प्रोजेक्ट पास किया गया था जिसमे आयुक्त भू अभिलेख रायपुर के नेतृत्व में पहले सारंगढ़ का ड्रोन सर्वे किया गया। इसके बाद रायपुर राजस्व व सारंगढ़ की सयुक्त टीम के द्वारा स्पॉट सर्वे भी किया गया था फिर नजूलसीट बनाकर रायपुर भी भेजा गया था, लेकिन अब तक 6 साल गुजरने के बाद भी नजूल क्षेत्र के नागरिकों को अब तक राहत नहीं मिल पाई है।

### प्रभावित हो रहा काम

कई नागरिकों ने बताया कि किसी को घर बनाना है किसी को पुत्र पुत्रियों का विवाह करना है किसी को इलाज करवाना किसी को अन्य कार्य के लिए लोन लेना है परंतु उनका नजूल रिकार्ड अपडेट नहीं होने के कारण उनका कोई भी कार्य नहीं हो पा रहा है और वे बहुत परेशानी में हैं और इन नागरिकों ने संबंधित जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों से शीघ्र पहल की अपेक्षा कर नजूल क्षेत्र की उक्त समस्या को दूर करवाने की अपेक्षा किया गया है।



## क्षत्रिय राठौर समाज ने छात्र-छात्राओं का किया सम्मान, प्रतिभाओं को मिला प्रोत्साहन

**खरसिया।** क्षत्रिय राठौर समाज जिला रायगढ़ द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पवन राठौर क्षत्रिय राठौर समाज छत्तीसगढ़ थे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद चंद राठौर, राजेन्द्र पालू राठौर एवं परीक्षित राठौर संरक्षक क्षत्रिय राठौर समाज छत्तीसगढ़ तथा शशिकांत राठौर जिला अध्यक्ष क्षत्रिय राठौर समाज रायगढ़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राठौर समाज के आराध्य भगवान श्रीराम एवं वीर योद्धा दुर्गादास राठौर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं सम्मान के साथ किया गया। समारोह में क्षत्रिय राठौर समाज जिला रायगढ़ द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर अभिभावकों एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि पवन राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन एवं प्रेरणा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति का सबसे सशक्त माध्यम है तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समाज को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं उच्च संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया तथा समाज द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी मंच संचालन भोज राठौर एवं राजेश्वर राठौर द्वारा किया गया। समारोह में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## परसरामपुर सरिया मार्ग पर भीषण सड़क हादसा पूर्व सरपंच समेत दो गंभीर रूप से घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

रविवार को सरिया परशरामपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा होने से पूर्व सरपंच समेत दो लोग गंभीर के घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

■ लोगों ने कहा हेलमेट होता तो सिर में गंभीर चोट नहीं लगता

डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार बाद उन्हें रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि सरिया परशरामपुर मार्ग पर बाइक आपस में टकराने से बाइक सवार पूर्व सरपंच की हालत गंभीर बताई जा रही है ।वही दूसरे बाइक में सवार एक महिला को भी गंभीर चोट लगने पर दोनों घायलों को रेफर किया गया है। सरिया परशरामपुर मार्ग पर दो बाइक सवार आपस में टकरा। इस दौरान बाइक चालक ग्राम सुरसी के पूर्व सरपंच आत्माराम साहा 55 वर्ष ग्राम सूरजगढ़ निवासी को गंभीर चोट लगी है। इसी तरह दूसरा बाइक चालक भुवनेश्वर राणा अपने पत्नी सफेद बाई 50 वर्ष के साथ ग्राम कोर्रा से दशकर्म से लौट रहे थे। इसी बीच सरिया परसरामपुर मार्ग के पास दोनों बाइक आपस में जबरदस्त टकराने से बाइक सवार भुवनेश्वर राणा को चोट लगा तथा बाइक में बैठी उनकी पत्नी को गंभीर चोट लगने से तत्काल 112 की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया लाया गया। जहां डॉक्टरों ने आत्माराम एवं श्रीमती सफेद बाई को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रेफर कर दिया। बताया जाता है कि ग्राम सूरजगढ़ निवासी आत्माराम साहा सरिया की ओर से रासायनिक खाद खरीद कर तथा ट्रैक्टर में लोड करवा कर स्वयं अपने बाइक में घर की ओर जा रहा था।

रास्ते में एक बाइक सवार के सामने आ जाने से दोनों बाइक में जबरदस्त टक्कर हो गई । ग्राम गोड़ा थाना सारंगढ़ निवासी भुवनेश्वर राणा ने बाइक सवार ने बताया कि दोनों बाइक के बीच एक बिल्ली आ जाने से बिल्ली को बचाने के चक्कर में उक्त घटना हुई ।

## तमनार ट्रेलर मालिक कल्याण संघ की बैठक, नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

तमनार ट्रेलर मालिक कल्याण संघ की बैठक 7 जून को कर्मागढ़ के रानीदरहा में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्र के समस्त गाड़ी मालिकों और संघ के सदस्यों ने हिस्सा लिया, जहाँ व्यवसायिक हितों की रक्षा और संघ के सुचारू संचालन को लेकर कई बड़े फैसले लिए गए। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से संघ की नई कार्यकारिणी एवं मार्गदर्शक संरक्षक मंडल का ऐतिहासिक गठन किया गया।

संघ को एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने के लिए सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से संजय पटेल को तमनार ट्रेलर मालिक कल्याण संघ का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही संघ के अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी नियुक्तियां की गईं। संगठन को सही दिशा, अनुभव और सुदृढ़ मार्गदर्शन देने के लिए वरिष्ठ सदस्यों को संरक्षक मंडल में मनोनीत किया गया। नवगठित टीम की सूची इस प्रकार है। कार्यकारिणी पदाधिकारी, अध्यक्ष संजय पटेल, उपाध्यक्ष राम पटनायक, सचिव, तुषार डनसेना, सहसचिव दिवाकर माधव, कोषाध्यक्ष लोकनाथ पटेल, संरक्षक मंडल, संजय पटनायक संरक्षक दयानन्द पटनायक संरक्षक, विश्वास पटनायक संरक्षक टीकाराम पटेल संरक्षक बबलू साहू संरक्षक उपेंद्र पटेल संरक्षक नवनियुक्त अध्यक्ष संजय पटेल ने सभी संरक्षकों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि



### एक कदम प्रकृति की ओर सीड बॉल निर्माण अभियान का आयोजन

**रायगढ़।** एक कदम प्रकृति की ओर सीड बॉल निर्माण अभियान कार्यक्रम का आयोजन 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया गया। जिसके तहत सभी उपस्थित सामाजिक सदस्यों द्वारा बीज संग्रह एवं सामग्री व्यवस्था कर उसे सीड बाल के रूप में बनाकर वितरण हेतु तैयार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस के उद्देश्य पर संक्षिप्त परिचय कार्यक्रम संयोजक पर्यावरण सचिव गोपाल पटेल द्वारा दिया गया। पर्यावरण जागरूकता संबोधन के लिए सामाजिक सदस्यों को आमंत्रित किया गया कार्यक्रम का संचालन करते हुए केन्द्रीय पदाधिकारी श्रीमती रूपा पटेल पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर उद्बोधन के लिए केन्द्रीय सचिव भोजराम पटेल को आमंत्रित किया। भोजराम पटेल ने अपने प्रेरक विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा शरीर प्रकृति के संतुलन पर निर्भर है क्षिति जल पावक गगन समीरा, पंच तत्व यह अधम शरीरा, का उद्धरण देते हुए अपने जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, अन्य आयोजनों पर एक एक पेड़ अवश्य लगाने का अपील किया।

### रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने की मांग

बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव के नेतृत्व में समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति से रायपुर स्थित राज्य अतिथि गृह पहुना में सौजन्य भेंट कर रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग, ओबीसी सूची में शीघ्र शामिल करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग की अध्यक्ष को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज के अनेक परिवार रावत उपनाम का उपयोग करते हैं।

प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये
सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी
स्वर्गलोक गमनः 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि कार्यक्रम - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर

- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा) एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार

- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर

MAHESHWARI

पर्यावरणीय स्वीकृति प्रक्रिया में स्थानीय सहभागिता और विकास के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रहा

# पेलमा ओपन कास्ट कोल माइन परियोजना की लोक सुनवाई

**रायगढ़।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की प्रस्तावित पेलमा ओपन कास्ट कोल माइन परियोजना के लिए आयोजित लोक सुनवाई आज ग्राम पेलमा में व्यापक जनभागीदारी एवं सकारात्मक वातावरण के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न हितधारकों की उपस्थिति ने क्षेत्र के विकास एवं रोजगार सृजन के प्रति स्थानीय समुदाय की अपेक्षाओं और सहभागिता को प्रतिबिंबित किया। इस लोक सुनवाई की अध्यक्षता अपर जिला दंडाधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने की। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी मानवेंद्र शेखर पांडेय की उपस्थिति में संपूर्ण कार्यवाही शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई।







प्रस्तावित परियोजना 2077.934 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित की जानी है, जिसकी उत्पादन क्षमता 15 मिलियन टन प्रति वर्ष प्रस्तावित है। यह परियोजना ग्राम पेलमा, उरबा, मडुआडूमर, लालपुर, हिंझर, जरिडीह, सक्ता, मिलूपारा एवं खर्रा सहित आसपास के क्षेत्रों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करेगी।

लोक सुनवाई के दौरान के वरिष्ठ अधिकारियों ने परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की तथा स्थानीय नागरिकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों, सुझावों एवं जिज्ञासाओं का संतोषजनक उत्तर दिया। ग्रामीणों ने खुलकर अपने विचार रखे और क्षेत्र के विकास, रोजगार, आधारभूत संरचना तथा सामाजिक उत्थान से जुड़ी अपेक्षाएँ साझा कीं। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता ने एसईसीएल एवं एमडीओ द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आधारभूत सुविधाओं एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट, पर्यावरण प्रबंधन योजना तथा सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी आमजन के समक्ष प्रस्तुत की गई। स्थानीय समुदाय ने लोक सुनवाई को परियोजना से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखने तथा विकास संबंधी अपेक्षाओं को व्यक्त करने का महत्वपूर्ण एवं प्रभावी मंच बताया।

## खबर संक्षेप

### सहायक प्राध्यापक सुनील साहू को अर्थशास्त्र में पीएच.डी अवार्ड




**अकलतरा।** शासकीय डॉ इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा में अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक सुनील साहू को सी वी रमन विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर द्वारा पीएच.डी. अवार्ड प्रदान किया गया है। उन्होंने अपना शोध प्रबंध ₹ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के स्वास्थ्य का उनकी आर्थिक स्थिति पर प्रभावों का अध्ययन जांजगीर-चांपा जिले में एनीमिया के विशेष संदर्भ में डॉ. शुचि शर्मा के निर्देशन में पूरा किया। उनके इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार, महाविद्यालय परिवार , मित्रों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### श्रीराम मंगलम में श्रीमद् भागवत कथा 10 से

**चांपा।** स्थानीय श्याम परिवार एवं भागवत प्रेमी भक्तों द्वारा 10 से 16 जून तक श्रीराम मंगलम में दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक वृंदावन धाम निवासी श्रीहित ललित बल्लभ नागार्च जी महाराज के मुखारबिंद से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस बुधवार 10 जून को सुबह 8.30 बजे से हनुमान मंदिर डोंगाघाट से श्रीराम मंगलम तक कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात प्रथम दिवस की कथा में श्रीमद् भागवत महात्म्यम् का वर्णन किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक है। आयोजक परिवार ने नगर के धर्मप्रेमियों से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

### पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव का नगर आगमन आज

**चांपा।** प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव मंगलवार 9 एवं बुधवार 10 जून को क्षेत्र के दौरे पर आ रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंहदेव मंगलवार 9 जून को नगर के वरिष्ठ कांग्रेसजन के निवास जाकर उनसे भेंटमुलाकात करेंगे। सिंहदेव 9 जून को सुबह 8 बजे कार द्वारा रायपुर से रवाना होकर अकलतरा, बलौदा आदि से होते हुए शाम 6 बजे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। वे इसके बाद शाम 6.30 बजे नारायण सोनी और इसके बाद सायं 7 बजे इब्राहिम मेमन के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन के निवास पर 7.30 बजे तथा रात्रि 8 बजे जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू एवं 8.45 बजे जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप के निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करेंगे।



### रिद्धांशी बनी अबेकस चैंपियन, 10 मिनट में 200 गणितीय प्रश्न हल कर दिखाई प्रतिभा




**राहौद।** अबेकस प्रतियोगिता में राहौद की 9 वर्षीय छात्रा रिद्धांशी साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा तीसरी में अध्ययनरत रिद्धांशी ने रायगढ़ के अग्रसेन धाम (अग्रोहा धाम) में आयोजित राज्य स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता में शानदार सफलता प्राप्त की। उन्होंने लिस्निंग प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप तथा विजुअल प्रतियोगिता में चैंपियन बनकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। रिद्धांशी ने जांजगीर की रेणुका शर्मा के मार्गदर्शन में ऑनलाइन अबेकस प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने मात्र 10 मिनट में 200 गणितीय प्रश्नों का समाधान कर अपनी तेज गणना क्षमता से सभी को प्रभावित किया। रिद्धांशी के पिता विश्वा साहू एवं माता रिंकी साहू ने बताया कि जब उनकी पुत्री ने अबेकस की ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की थीं, तब वह गणित में एक सामान्य छात्रा थी। निरंतर अभ्यास और प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप आज वह अपने से बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थियों को भी कड़ी टक्कर दे रही है। उनकी गणना क्षमता इतनी विकसित हो चुकी है कि वह कठिन से कठिन प्रश्नों को भी बेहद कम समय में हल कर लेती है। अबेकस प्रशिक्षक रेणुका शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण 6 से 13 वर्ष तक के बच्चों के लिए संचालित किया जाता है। सप्ताह में दो दिन ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से बच्चों को नौ चरणों में विशेष पद्धति से प्रशिक्षण दिया जाता है। इस पद्धति से बच्चों का गणित के प्रति भय समाप्त होता है तथा उनकी एकाग्रता, स्मरण शक्ति, सुनने और समझने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि फ्लैश कार्ड गतिविधियां, ब्रेन डेवलपमेंट एक्सरसाइज और विभिन्न अभ्यासों के माध्यम से बच्चों के छिपे हुए कौशल को विकसित किया जाता है। इससे बच्चे न केवल गणित में दक्ष बनते हैं, बल्कि पढ़ाई के अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन करने लगते हैं। रिद्धांशी की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया गया लाभान्वित

# सुशासन तिहार में पहुंचे 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण, मिले एक हजार से अधिक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जैजैपुर



शिविर में पंजीयन कराते ग्रामीण।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत सोमवार 8 जून को जैजैपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत ठठारी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। क्लस्टर ठठारी शिविर में 19 ग्राम पंचायत ठठारी, कोटेतरा, गुचकुलिया, टूठी, तुशार, दतौद, गलगलाडीह, नंदेली, आमगांव, पांडाहरदी, बेलकरी, बेलादूला, बोडसरा, कांशीगढ़, कचंदा, कलमीडीह, करौवाडीह, खुजरानी एवं अरसिया से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

शिविर में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें कुल 1006 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे त्वरित समाधान योग्य 401 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। ठठारी में आयोजित सुशासन तिहार में विभिन्न पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जाल वितरण सहित अन्य विभिन्न विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया और शासन की योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। इसके साथ ही इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों और ग्रामीणजनों ने जल बचाव का शपथ भी लिया गया। साथ ही शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को विभाग अन्तर्गत संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विषयवार विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ठठारी में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार की "गांव-गांव, द्वार-द्वार सुशासन" पहल के तहत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा की शिविर में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को जनहित में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के बेहतर क्रियान्वयन और आमजन की समस्याओं के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। ठठारी में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों को पंयाचत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत पूर्ण आवास निर्माण के लिए प्रतीकात्मक चाबी प्रदान किया गया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण, मत्स्य पालन विभाग द्वारा जाल वितरण, शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र विवरण किया गया साथ ही अन्य विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाया गया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इसके साथ ही जनसमस्या निवारण शिविर में छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पत्रिका जनमन, सुशासन के नवीन आयाम, विकसित भारत के बढ़ते कदम आदि प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। शिविर में जिला पंचायत सक्ती अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जानकी सत्यनारायण चंद्रा, जनपद पंचायत जैजैपुर अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा परदेशी खूंटे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैजैपुर संदीप कश्यप, तहसीलदार विद्याभूषण साव सहित जनप्रतिनिधिगण, संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण, सरपंच, सचिव, स्व. सहायता समूहो के सक्रिय महिला सदस्य एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## पाइप लाइन बिछाने खोदा गड्ढा, सड़कों पर उड़ रही धूल से नगरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

नगर में इन दिनों उड़ती धूल लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। हर घर जल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है, जिसके कारण नगर के कई मार्गों को खोदा गया है। सड़कें जगह-जगह उखड़ी हुई हैं और वाहनों की आवाजाही से लगातार धूल के गुबार उड़ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर के मुख्य मार्गों सहित कई वार्डों में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। परिणामस्वरूप दिनभर वाहनों के आवागमन से वातावरण में धूल फैल रही है। लोगों का कहना है कि धूल के कारण आंखों में जलन, सांस संबंधी परेशानियां तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ने लगी हैं। नगर पंचायत द्वारा नियमित सफाई कार्य कराया जा रहा है तथा सफाई वाहन भी सड़कों पर संचालित किए जा रहे हैं, लेकिन नागरिकों का आरोप है कि सफाई वाहन के चलने से धूल कम होने के बजाय और अधिक उड़ने लगती है। वाहन में पानी के छिड़काव की व्यवस्था होने के बावजूद उसका पर्याप्त उपयोग नहीं किया जा रहा है। यदि सफाई के दौरान नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए तो उड़ती धूल पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। नगरवासियों ने मांग की है कि हर घर जल योजना के तहत खोदी गई सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए तथा सफाई वाहनों के माध्यम से नियमित जल छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। लोगों का कहना है कि इससे धूल की समस्या से राहत मिलेगी और नगर का वातावरण भी स्वच्छ बना रहेगा। प्रशासन से जल्द प्रभावी कदम उठाने की अपेक्षा की जा रही है।

## मांगों को लेकर धरने पर बैठे ठेका श्रमिक



**जांजगीर चांपा ।** सक्ती जिले के डभरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट के सामने ठेका श्रमिक अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। दरअसल हादसे में 25 श्रमिकों की मौत के बाद एनजीएसएल कंपनी के अधीन कार्यरत श्रमिकों को थोक में निकलने और रोजगार समाप्त किए जाने के विरोध में प्रदर्शन हुआ ।

श्रमिकों का कहना है कि 14 अप्रैल 2026 को प्लांट में हुए भीषण बॉयलर हादसे के बाद से उत्पादन एवं रखरखाव संबंधी कार्य लगभग ठप पड़े हैं और इसके बाद बड़ी संख्या में ठेका कर्मचारियों को बिना किसी पूर्व सूचना के काम से अलग किया जा रहा है। धरना दे रहे श्रमिकों के अनुसार एनजीएसएल कंपनी के माध्यम से प्लांट में करीब 400 ठेका कर्मचारी कार्यरत थे। हादसे के बाद 200 से अधिक श्रमिकों को मौखिक रूप से कार्य से पृथक कर दिया गया है। करीब 70 श्रमिकों ने गेट नंबर-1 के सामने एकत्र होकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। गौरतलब है कि 14 अप्रैल को वेदांता पावर प्लांट में हुए भीषण बॉयलर हादसे में 25 श्रमिकों की मौत हो गई थी।

## पर्यावरण की रक्षा करना हमारी पहली जिम्मेदारी : आदित्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

■ विश्व महासागर दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने ली प्लास्टिक मुक्त भारत की शपथ




रैली निकालकर लोगों को पर्यवरण संरक्षण का संदेश देते एनसीसी कैडेट्स।

विश्व महासागर दिवस के अवसर पर श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल के 1 सीजी बटालियन एनसीसी इकाई ने विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की थीम ₹हमारी धरती बचाएं, अपना भविष्य अपनाएं रखी गई।

कार्यक्रम अधिकारी नवीन आदित्य अपने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समुद्र और पर्यावरण की रक्षा करना हमारी पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने अपने आसपास स्वच्छता रखने और स्वच्छता को जीवनशैली में अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स सहित महाविद्यालय के छात्रों ने निबंध और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर व्याख्यान दिया गया। इसके बाद कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कैडेट्स ने पकरिया गाँव में स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान कैडेट्स ने स्वच्छता से जुड़े स्लोगन और नारे लगाए। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों का ध्यान स्वच्छता की तरफ खींचना और उन्हें इसके महत्व के प्रति जागरूक करना था। कैडेट्स ने जनमानस से सीधा संवाद करके सफाई रखने की अपील की।कार्यक्रम के अंत में सभी कैडेट्स ने समुद्री जीवन बचाने और प्लास्टिक का उपयोग कम करने की शपथ ली।

### बड़े मंगलवार पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ आज

**जांजगीर-चांपा।** बड़ा मंगलवार के अवसर पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में विशेष पूजा अर्चना होगी। इस दिन सायं 7 बजे हनुमान जी का सिनदुराभिषेक, 7:30 बजे हनुमान जी की महाआरती एवं रात्रि 8 बजे से सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया जावेगा। मंदिर के पुजारी पंडित किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि सनातन धर्म में ज्येष्ठ महीने के मंगलवार का विशेष महत्व रहता है जिन्हें बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि ज्येष्ठ मास के मंगलवार को हनुमान जी की पहली बार भगवान श्री राम जी से मुलाकात हुआ था। इसलिए इस महीने के सभी मंगलवार को बड़ा मंगलवार के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मंदिर में शाम 4 बजे से मीठा जल नींबू शरबत वितरण किया जावेगा।



## सूत सारथी समाज का शपथ ग्रहण समारोह एवं आमसभा

**शिवरीनारायण।** नगर के सत्संग भवन में सूत सारथी समाज द्वारा शपथ ग्रहण समारोह एवं आमसभा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के नव नियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई तथा समाज हित, संगठन विस्तार और सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प दिलाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठजनों के सम्मान एवं स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष शिव सारथी, महासचिव पवन बघेल, कोषाध्यक्ष अनिल सारथी सहित कुल 10 पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों का निष्ठा एवं ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने समाज की एकता और अखंडता बनाए रखने, शिक्षा को बढ़ावा देने, युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।आमसभा में समाज के विकास, संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, शिक्षा के प्रसार तथा युवाओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब सभी सदस्य आपसी सहयोग, भाईचारे और एकजुटता के साथ कार्य करें। उन्होंने समाज के लोगों से संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया बैठक में समाज के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी सामने आए। वक्ताओं ने युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने तथा समाज के जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया। समाजजनों ने संगठन को नई दिशा देने और आने वाली पीढ़ी को संस्कार एवं सामाजिक मूल्यों से जोड़ने की आवश्यकता बताई इस अवसर पर प्रमुख रूप से आर.आर. राज भानू, अनिल टाह, संतोष गुप्ता, राहुल थवाईत, ओमप्रकाश साहू, विमल सारथी, भागवत सारथी, संजू सारथी, रोहन सारथी सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे। समापन समाज की उन्नति, संगठन की मजबूती एवं सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ हुआ।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि एवं उपस्थित समाज के लोग।

## भैंसतरा में 10 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा



ग्राम पंचायत भैंसतरा में विकास कार्यों को नई गति देते हुए 10 लाख रुपये की लागत के दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर 5 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण तथा जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुशंसा पर 5 लाख रुपये की लागत से मंच निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, जिला पंचायत सभापति , मंडल प्रभारी विकास शर्मा, सरपंच गीता पुष्पेंद्र थवाईत, मंडल अध्यक्ष पवन यादव, मंडल महामंत्री सुबोध थवाईत एवं जितेंद्र सिंह कौशिक सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार शासन की प्राथमिकता है। सीसी रोड निर्माण से आवागमन सुगम होगा, वहीं मंच निर्माण से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य करते रहने की प्रतिबद्धता दोहराई।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रेम सागर कश्यप, ललित सोनी, विजय मिश्रा, रामसुमेर परौहा, भरत साहू, आनंद सरुता, महेश्वर शुक्ला, प्रभा सिंह, रमा मिरी, गजानंद देवांगन, आदित्य थवाईत, राधेश्याम साहू, लोचन साहू, अमरीका कंवर, बलराम निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### शबरीधाम में मासिक आध्यात्मिक सत्संग का हुआ आयोजन

# भगवान के भजन बिना जीव की मुक्ति कठिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरौद



भजन सत्संग करते श्रद्धालु।

छत्तीसगढ़ की काशी शबरी धाम खरौद में विगत 14 वर्षों से महामाया आध्यात्म परिषद खरौद के द्वारा माह के प्रथम रविवार को आध्यात्मिक सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में प्रथम रविवार 7 जून को सत्संग कार्यक्रम मां महामाया मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ। मां महामाया की पुजनोंपरांत महिला भजन मंडली द्वारा सुमधुर स्वर में भजन गया गया।

भजन के बीच में आध्यात्म परिषद के वरिष्ठ सदस्य धनसाय यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान के भजन बिना जीव की मुक्ति असंभव है। गज ग्राह की कथा के माध्यम से उन्होंने संकेत दिया कि गजराज की पुकार पर भगवान हरि तुरंत ही प्रकट होकर उनका उद्धार कर दिया। हेमलाल यादव ने भगवान लक्ष्मण के संबंध में प्रचलित लक्ष लिंग समेत शोभित जयति जय लखनेश्वरं। के तात्पर्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि लक्ष्मण जी को उनके गुरु द्वारा परामर्श दिया गया कि तपोवन में जाकर एक लक्ष लिंग शिव की पूजन करें जिससे उनके शारीरिक कष्ट का समाधान हो सके। कार्यक्रम के अंत में महामाया अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष शिवरात्रि प्रसाद यादव ने कहा कि भगवान ने हमें मनुष्य बनाकर अपनी अहैतुकी कृपा की है। ऐसा दुर्लभ तन पाकर उनका भजन निरंतर करते रहना चाहिए। उद्धार के तो अनेक मार्ग में किंतु सभी में कुछ न कुछ त्रुटि होने की संभावना रहती है किंतु भजन में ऐसा कुछ नहीं होता। त्रुटि के प्रायश्चित के लिए भगवान के नाम जप किया जाता है। ये सारी बातें सत्संग से मिलती हैं इसलिए मनुष्य को सत्संग कर अपना जन्म सफल करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रविशंकर यादव एवं सीताराम आदित्य का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सहोदराकर्ष, राधिका यादव ,राजकुमारी नोनिया, भुवनेश्वरी यादव, जमुना यादव, ललिता थवाईत, छठ बाई यादव, कीर्तन मतिआदित्य, जानकीबाई आदित्य ,छठ बाई आदित्य ,भगवती साहू ,रामेश्वरी श्रीवास, पीतांबरी आदित्य, कौशल्या यादव, सरही आदित्य ,मंटोरा आदित्य, सोन कुवर आदित्य, मदालसा यादव, चंद्रकला नोनिया, रामकली आदित्य, सुख बाई आदित्य, चमेली यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### टीचर्स एसोसिएशन ने पासबुक संधारण के लिए सिंगल विंडो सिस्टम उपलब्ध कराने शिक्षा सचिव व संचालक को सौंपा ज्ञापन



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि मंडल द्वारा सचिव स्कूल शिक्षा विभाग कमलप्रीत सिंह, अशोक उप संचालक नारायण बंजारा एवं उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय डॉ महेश नायक को ज्ञापन सौंप कर सीजीपीएफ में पार्ट फाइनल व एडवांश आहरण की सुविधा देने तथा पासबुक संधारण हेतु सिंगल विंडो सिस्टम उपलब्ध कराने मांग किया गया। ज्ञापन के माध्यम से उन्हें बताया गया कि एल बी शिक्षकों को पार्ट फाइनल व एडवांश की सुविधा अभी नही है, साथ ही पासबुक का बेहतर संधारण नही हो पा रहा है। एलबी संवर्ग के शिक्षकों का छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि मे कटौती होता है। 12 प्रतिशत से अधिक कटौती शिक्षकों द्वारा कराया जा रहा हैं। एल बी संवर्ग के शिक्षकों को अपने पुत्र, पुत्री के पढ़ाई, गृह निर्माण, इलाज कराने के लिए राशि कि आवश्यकता पड़ती है, अतः एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिये सीजीपीएफ में जमा राशि से अस्थायी अग्रिम व आंशिक अंतिम विकर्षण आहरण हेतु निर्देश जारी किया जावे। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, उमेश तेम्बुलकर, शिव पटेल व डीलेश्वर डडसेना शामिल थे।